महत्वपूर्ण एवं खास

स्टेट जीएसटी के प्रवर्तक विंग ने की बड़ी कार्यवाई

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जीएसटी के प्रवर्तक विंग ने गुरूवार को बड़ी कार्रवाई की। रायपुर के तीन आयरन स्टील उत्पाद निर्माताओं श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़, ईश्वर इस्पात एवं ईश्वर टीएमटी के यहाँ स्टेट जीएसटी की प्रवर्तन विंग द्वारा छापा मारा गया। प्रवर्तक विंग द्वारा उरला सिलतरा क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों में जांच की गई। जिसके प्रारभिक जांच में पाया गया कि इन तीन आयरन स्टील उत्पाद निर्माताओं द्वारा 6.75 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की गई है। आगे की कार्रवाई में यह राशि और बढने की संभावना है। इन फ़र्मो द्वारा मौके पर ही अधिकारियों के समक्ष 4.75 करोड़ रुपए जीएसटी जमा किया गया। इन फर्मो द्वारा कच्चा स्क्रैप खरीद कर सरिया बनाया जा रहा था और जीएसटी की चोरी की जा रही थी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में यहां की जीएसटी की प्रवर्तन विंग बहुत सक्रिय है। उनके द्वारा स्क्रैप से जीएसटी चोरी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। जिसमें विभाग द्वारा एडवांस आईटी टूल्स का प्रयोग किया जा रहा है साथ ही नई तकनीकों का प्रयोग कर ईवे बिल की जांच से प्राप्त सूचनाओं, फील्ड से एकत्र की जा रही सूचनाओं के आधार पर भी कार्रवाई की जा रही है।

10वीं-12वीं की परीक्षा साल में दो बार, 2025 के सत्र से नई व्यवस्था

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं साल में दो बार होंगी। नई व्यवस्था शिक्षा सत्र 2025-26 से लागू होगी। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत होगा। प्रदेश में जल्द ही इसकी व्यवस्था शुरू हो जायेगी. वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं साल में एक बार आयोजित की जाती हैं। इस बार परीक्षा 1 मार्च से शुरू हो रही है. इसमें करीब 6.25 लाख छात्र शामिल होंगे. विशेषज्ञों का कहना है कि नई व्यवस्था से छात्रों को फायदा होगा। इससे छात्रों का बोर्ड परीक्षा को लेकर तनाव कम होगा। कोर्स को अलग-अलग हिस्सों में बांटा जाएगा. इससे विद्यार्थियों को भी लाभ होगा। बोर्ड परीक्षा की नई व्यवस्था दो बार लागू करने का मतलब है कि जून 2024-25 में शुरू होने वाला सत्र एकल बोर्ड परीक्षा का आखिरी सत्र होगा। उधर, सीबीएसई भी 10वीं-12वीं की परीक्षा साल में दो बार आयोजित करने की तैयारी कर रही है। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राजधानी में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. वहीं उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से सीबीएसई छात्रों को साल में दो बार बोर्ड परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा. इसे लेकर अब माना जा रहा है कि सीबीएसई की ओर से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाओं को लेकर निर्देश जारी किए जाएंगे।

दो बाईक की जबरदस्त भिड़ंत में, एक की मौत दो घायल

बालोद (आरएनएस)। जिलें के मोहला थानाक्षेत्र में दो मोटरसायकलों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मोहला थाना क्षेत्र के मुच्चर गांव में दो बाईक की आमने-सामने की भिडंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर होते ही दोनों बाइक की पेट्रोल टंकियां फट पड़ी और बाईक आग के गोले में तब्दील हो गई। हादसे में दोनों बाइक जलकर राख हो गई। और एक की मौके पर ही मौत हो गई है तथा 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मोहला थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि मृतक राम स्वरूप माहला अरमागोंदी गांव का रहने वाला था वहीं घायल मुच्चर और पीपरखार गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

राजिम कुंभ कल्प 2024 : संगम नगरी राजिम कुंभ कल्प में दिखेगा अयोध्या धाम का वैभव, रामोत्सव के रंग में रंगेंगे राजिम कुंभ के श्रद्धालु

- तीर्थनगरी राजिम के पवित्र कुंभ में देशभर के संतों का होगा समागम
- मुख्य मंच में होगा अयोध्या धाम का दर्शन
- प्रयागराज कुंभ की तर्ज पर लगेंगे आर्गेनाइज्ड स्ट्रक्चर की दुकानें
- थ्री डी मैपिंग और लेजर शो के जरिये सुंदर रामकथा दिखाई जाएगी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की तीर्थ नगरी राजिम में होने वाले कुंभ कल्प में इस बार भारत की सनातन परंपरा की अद्भुत झलक दिखेगी। उत्तराखंड से तमिलनाडू तक भारतभूमि की संतपरंपरा से जुड़े संतों का अद्भुत समागम इस भूमि पर होगा। धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देशन में राजिम कुंभ कल्प के अभूतपूर्व आयोजन की तैयारी जोर-शोर से जारी है। संगम नगरी का दृश्य अयोध्या धाम की तरह होगा। इस बार की थीम रामोत्सव है। मुख्यमंच अयोध्या धाम के रामलला मंदिर की तरह होगा। धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि मेला परिसर सुगम, सुशासित और सुसज्जित होगा। रामकथा का मंचन थ्री डी मैपिंग, लेजर शो आदि के माध्यम से होगा। मुंबई की एक्सपर्ट टीम यह कार्य करेगी। थ्री डी प्रोजेक्शन मैप की इस तकनीक से रामकथा का अद्भुत रसपान श्रद्धालु करेंगे। प्रयागराज कुंभ की विशेषता होती है कि यहां दुकानों का आर्गेनाइज्ड स्ट्रक्चर तैयार होता है, जिसका लाभ व्यवसायियों को होता है। राजिम कुंभ में भी इसी तर्ज पर दुकानों की व्यवस्था होगी। धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि राजिम कुंभ कल्प का शुभारंभ 24 फरवरी को होगा, जो 8 मार्च तक चलेगा। इस भव्य आयोजन में हरिद्वार, काशी, मथुरा, अयोध्या, चित्रकुट समेत देशभर के कई स्थानों से साधु-संत, पीठाधीश्वर, मठाधीश, महात्मा और शंकराचार्य शामिल होंगे। श्रद्धालुओं को राजिम कुंभ के दौरान आवागमन में किसी भी तरीके की दिक्कत ना हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। मेला स्थल में दुकानों को सुव्यवस्थित करके सडक़ों को काफी चौड़ा कर दिया गया है। हमने राजिम कुंभ को प्रयागराज कुंभ की तर्ज पर ऑर्गनाइज स्ट्रक्चर तैयार कर दुकानें स्थापित की है, जिससे दुकानदारों को लाभ हो और श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न होने पाएं।

राजिम कुंभ कल्प के दौरान होगा तीन पुण्य स्नान - धर्मस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प के दौरान तीन पुण्य स्नान क्रमश: 24 फरवरी माघ पूर्णिमा, 4 मार्च माता जानकी जयंती और 8 मार्च महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होंगे। श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए वालेंटियर तैनात किए गए है। कुंभ के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए नदी और आसपास की स्थलों की साफ-सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाईकर्मी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला स्थल में बड़ी संख्या में पोर्टेबल टॉयलेट एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

राजिम कुंभ में शिशुवती माताओं के लिए बनेगा फिडिंग रूम- धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ में आने वाले सभी आयु वर्ग के लोगों का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। कुंभ में आने वाली शिशुवती माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए मेला स्थल में फिडिंग रूम भी बनाए गए हैं।

प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल- धर्मस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पहले मेला के आयोजन के दौरान मेडिकल कैम्प लगाया जाता रहा है। प्राय: देखा गया है कि इस मेडिकल कैम्प से श्रद्धालुओं को होने वाली स्वास्थ्यगत समस्याओं का त्वरित उपचार नहीं हो पाता था। इस बार मेला स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10-10 बेड के छोटे-छोटे अस्पताल सिापित किए गए हैं, जिसस मरीजों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। रायपुर, गरियाबंद और धमतरी जिले का एक कलस्टर बनाकर स्वास्थ्य कैंप भी मेला स्थल पर लगाया जाएगा।

रामोत्सव की थीम पर होगी भव्य झांकी- धर्मस्व अग्रवाल ने कहा कि, राजिम कुंभ में इस बार रामोत्सव थीम पर भव्य झांकी तैयार की गई है। इसमें प्रभु राम के छत्तीसगढ़ में वनवास काल के दौरान पलों को झांकी के माध्यम से बताया जाएगा। झांकी के प्रदर्शन में लेजर लाईट और साउंड इफेक्ट का भी समावेश किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। लक्ष्मण झूले को भी एलईडी लाईट से सजाया गया है।

महिला समूहों के जिम्मे होगा नौनिहालों का पोषण - मुख्यमंत्री साय

- स्व सहायता समूह की महिलाएं अब फिर करेंगी रेडी-टू-ईट का संचालन
- राज्य सरकार के फैसले से उत्साहित महिलाओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर जताया आभार

रायपुर (आरएनएस)। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप राज्य सरकार ने रेडी-टू-ईट का संचालन फिर से महिला समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। हम महिलाओं के रोजगार और आजीविका के संकट को आपकी सरकार ने दूर करने का बड़ा संवेदनशील फैसला लिया है। इस निर्णय से हम सभी बहुत उत्साहित हैं। इससे हजारों प्रभावित समूह की महिलाओं को संबल मिलेगा और उनका खोया हुआ आत्मसम्मान लौटेगा। यह बातें स्वसहायता समूह की महिलाओं ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके विधानसभा कार्यालय स्थित कक्ष में मुलाकात के दौरान कही और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि हम पूरे प्रदेशभर की 1786 महिला समूह की महिलाएं इस निर्णय के लिए आपका हृदय से धन्यवाद करते हैं।

सरगुजा से लेकर बस्तर तक के 30 जिलों से आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके इस निर्णय से रेडी टू ईट के संचालन से जुड़ी हम सभी महिलाएं बहुत खुश हैं और आपके सम्मान में समारोह आयोजित कर आपके और छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार जताना चाहते हैं। महिलाओं ने आयोजित समारोह के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित भी किया।

प्रदेशभर के सभी संभागों से आई समूह की महिलाओं ने बताया कि राज्य में रेडी टू ईट के संचालन से 1786 समूह की लगभग 26 हजार महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी थी। लेकिन पिछली सरकार ने रेडी-टू-ईट के काम से महिलाओं को वंचित कर दिया था। इससे महिलाओं के परिवारजनों को मिलाकर लगभग 3 लाख लोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए थे। उन्होंने बताया कि हमें बीते सालों में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ा और हमारे सामने आजीविका का बड़ा संकट आ गया था। आपके नेतृत्व वाली संवेदनशील सरकार ने हमारी इस पीड़ा को समझा और यह फैसला लिया।

महिलाओं ने कहा कि रेडी टू ईट के संचालन से होने वाली आय से हमारे पूरे परिवार का भरण-पोषण होता था। साथ ही इस आय के कारण हमें अपने वक्त, जरूरत और तीज-त्यौहारों में किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता था। जबसे हमारा रोजगार छीना गया है, हम लोगों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। रेडी टू ईट के संचालन का कार्य जबसे महिला समूहों को वापस सौंपने का राज्य सरकार ने निर्णय लिया है, हमें आशा बंधी है कि हमें अवश्य काम मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं से कहा कि रेडी टू ईट हमारे नौनिहालों के पोषण और उनके स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। हमें इसकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि बच्चों को सही पोषण मिले और हम इसे सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल भी उपस्थित थे।

रायपुर के तीन फैक्ट्रियों में पकड़ी गई 6.75 करोड़ रूपए की जीएसटी चोरी

रायपुर (आरएनएस) छत्तीसगढ़ के जीएसटी प्रवर्तक विंग ने राजधानी रायपुर के तीन आयरन स्टील उत्पाद निर्माताओं की फैक्ट्रियों में छापा मारकर 6.75 करोड़ रूपए की जीएसटी चोरी पकड़ी है। फिलहाल इस मामले में अभी जांच चल रही है। दरअसल छत्तीसगढ़ में जीएसटी विभाग को लम्बे समय से जीएसटी चोरी की सूचना मिल रही थी। इसके बाद विभाग की टीम हरकत में आई और रायपुर के उरला सिलतरा क्षेत्र में स्थित श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़, ईश्वर इस्पात एवं ईश्वर टीएमटी की फैक्ट्रियों में दबिश देकर जांच पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इन तीन आयरन स्टील उत्पाद निर्माताओं ने 6.75 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की है। आगे की कार्रवाई में यह राशि और बढने की संभावना है। बताया जाता है कि इन फ र्मो ने मौके पर ही अधिकारियों के सामने 4.75 करोड़ रुपए जीएसटी जमा किया है। जानकारी के अनुसार इन फ र्मों में कच्चा स्क्रैप खरीद कर सरिया बनाया जा रहा था और जीएसटी की चोरी की जा रही थी। बता दें कि छत्तीसगढ़ में जीएसटी की प्रवर्तन विंग स्क्रैप से जीएसटी चोरी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। जिसमें विभाग द्वारा एडवांस आईटी टूल्स का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही नई तकनीकों का प्रयोग कर सूचनाओं, फ ील्ड से एकत्र की जा रही सूचनाओं के आधार पर भी कार्रवाई की जा रही है।

लापता बालिका को दस्तयाब कर बालिका को भगा ले जाने वाले युवक को किया गिरफ्तार

रायगढ़। 19 फरवरी को थाना पूंजीपथरा में नाबालिक बालिका के पिता द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की 17 फरवरी के दोपहर घर में बिना बताए कहीं चली गई है जिसे अपने रिश्तेदारों और आसपास पता किया, कहीं पता नहीं चला है। नाबालिक बालिका संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए थाना पूंजीपथरा में धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम किया गया। गुम बालिका की पतासाजी के क्रम में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा बालिका के परिजनों, सहेलियां व जान पहचान वालों से पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाया गया जिसमें बालिका के लैलूंगा क्षेत्र के रहने वाले युवक कृष्णा पैंकरा से संपर्क में रहने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस टीम बालिका एवं संदेही कृष्णा पैंकरा की पतासाजी के लिए लैलूंगा रवाना हुई। जहां संदेही कृष्णा पैंकरा द्वारा बालिका को लेकर रायगढ़ की ओर जाने की जानकारी मिली पूंजीपथरा पुलिस ने पूंजीपथरा चौक के पास संदेही को पकड़ा, जिसके साथ बालिका थी।

बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से विस्तृत कथन कराया गया जिसमें बालिका बताई कि कृष्णा पैंकरा उसे शादी करूंगा कहकर बहला फुसला कर भाग ले जाना और शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई। बालिका के कथन और मेडिकल उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376(2)(N) आईपीसी और 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी कृष्णा पैंकरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहे तीन युवक गिरफ्तार, आरोपियों से 12 लीटर महुआ शराब जब्त : पुलिस चौकी खरसिया पुलिस की कार्यवाई

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरावाले, फेरी वाले एवं संदिग्ध घुमंतू किस्म के व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है।

इसी कड़ी में दिनांक 22/02/2024 को खरसिया क्षेत्र में प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी के नेतृत्व में पुलिस चौकी खरसिया की टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की जांच दरमियान पुलिस चौकी खरसिया की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर तलवापार हमालपारा के पास स्कूटी सीजी 13 ए.डब्लू. 7718 में शराब परिवहन करते तीन युवक को पकड़ा गया है। तीनों युवक हमालपारा खरसिया के रहने वाले जिनके कब्जे से दो-दो लीटर वाले 6 प्लास्टिक बॉटल में भरा हुआ 12 लीटर महुआ शराब कीमत करीब रु.1200 तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त हीरो स्कूटी डेस्टिनी 125 सीजी 13 ए0डब्लू0 7718 कीमत रु.50,000 को जप्त किया गया है। शराब परिवहन कर रहे आरोपी- (1) प्रदीप कुमार भारती पिता आकाश भारती उम्र 31 साल (2) विक्की सहिस पिता राजेश सहिस उम्र 26 साल (3) चलक राम सहिस पिता रामू सहिस उम्र 29 साल सभी हरिजन मोहल्ला हमालपारा खरसिया के विरूद्ध चौकी खरसिया (थाना खरसिया) में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, आरक्षक साविल चंद्रा और डमरूधर पटेल शामिल थे।

तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आगाज आज से

- पहली बार होगा गंगा आरती का आयोजन

महासमुंद (आरएनएस)। तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आगाज 24 फरवरी को शाम 06:00 बजे होगा एवं समापन 26 फरवरी को होगा। महोत्सव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। समारोह की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। जबकि अति विशिष्ट अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू होंगे। इस दौरान शुभारम्भ एवं समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना सम्पत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरी नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, पूर्व विधायक बसना रूपकुमारी चौधरी, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेन्द्र साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष त्रिलोकी ध्रुव, जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव, सिरपुर सरपंच ललित ध्रुव सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक की गरिमामय उपस्थित में सम्पन्न होगी।

उल्लेखनीय है कि सिरपुर में पहली बार गंधेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट समिति एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। स्नान के लिए कुण्ड भी बनाया जा रहा है। गंगा आरती शाम 06:30 बजे से 07:00 बजे तक होगा। आरती में स्थानीय ग्रामीणों के अलावा मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को शामिल होने का आग्रह किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

लोक निर्माण विभाग ने सड़कों के निर्माण के लिए मंजूर किए 36.61 करोड़ रुपए

- उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद 18 कार्यों के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति



रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा मुंगेली, रायगढ़ राजनांदगांव, रायपुर, जशपुर, बस्तर और सूरजपुर जिले में विभिन्न सडक़ों के निर्माण के लिए 36 करोड़ 60 लाख 50 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने 18 कार्यों के लिए कुल 39 करोड़ 58 लाख 99 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड में रहंगी नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए एक करोड़ 85 लाख रुपए, खैरवार बघमार से अमलडीही मार्ग के लिए एक करोड़ 84 लाख रुपए, लोरमी विकासखंड के डी-1 नहर से पठारी कांपा मार्ग के लिए दो करोड़ तीन लाख रुपए और अखरार से श्मशान घाट पहुंच मार्ग के लिए एक करोड़ 38 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के लोहरसिंग-लिंजीर मार्ग के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए एक करोड़ 76 लाख रुपए, राजनांदगांव के पारीखुर्द में आंगनबाड़ी से श्मशान घाट पहुंच मार्ग के लिए 79 लाख 42 हजार रुपए, ईरा में गौठान से मुक्तिधाम पहुंच मार्ग के लिए एक करोड़ 70 लाख रुपए, रायपुर में बजाज कॉलोनी, एन.एम.डी.सी. कॉलोनी, प्रियदर्शिनी नगर, वल्लभ नगर चतुर्दिक मार्ग के डामरीकरण के लिए दो करोड़ 81 लाख रुपए, कटोरा तालाब, शैलेन्द्र नगर, पुराना राजेन्द्र नगर मार्ग के डामरीकरण के लिए दो करोड़ 51 लाख रुपए तथा मठपुरैना-रावतपुरा चतुर्दिक मार्ग के डामरीकरण के लिए दो करोड़ 80 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

लोक निर्माण विभाग ने जशपुर जिले में मस्कामारा-लवाकेरा मुख्य मार्ग के लिए एक करोड़ 81 लाख रुपए, राज्यीय राजमार्ग-17 से पुटकेला पहुंच मार्ग के लिए दो करोड़ 89 लाख रुपए, बस्तर जिले के खंडसरा-सारेगांव मार्ग के लिए दो करोड़ 95 लाख रुपए, सोनारपाल-चपका मार्ग के लिए दो करोड़ 96 लाख रुपए, करंदोला रानीगुड़ा से राष्ट्रीय राजमार्ग-30 तक सडक़ निर्माण के लिए एक करोड़ 66 लाख रुपए तथा सूरजपुर जिले के श्रीराम वनगमन पथ के मिसिंग लिंक मार्ग रकसगंडा जलप्रपात पहुंच मार्ग के लिए दो करोड़ 54 लाख रुपए मंजूर किए हैं। रायपुर के सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में फर्नीचर और फिनिशिंग संबंधी कार्य के लिए विभाग द्वारा दो करोड़ 98 लाख 49 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।